# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in    Email ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक :451-53/06/परीक्षा/MSU/2022–23    दिनांक: 13.05.2022

## अधिसूचना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाऐं चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के तत्वाधान में संचालित की जा रही हैं, जबकि अन्य विषम सेमेस्टर परीक्षाऐं पूर्ण हो चुकी है। सत्र 2022–23 समय से संचालित हो, इसके लिए यह नितांत आवश्यक है कि सत्र 2021–22 की समस्त परीक्षाऐं यथाशीघ्र संपन्न हो तथा परीक्षा परिणाम समय से घोषित हो सके। इस आशय हेतु समस्त महाविद्यालय/संस्थानों से अपेक्षा है कि–

- सत्र 2021–22 द्वितीय सेमेस्टर की अतिरिक्त कक्षाऐं चलाकर पाठ्यक्रम पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। द्वितीय सेमेस्टर(स्नाताकोत्तर प्रथम वर्ष) सैद्धांतिक परीक्षाऐं माह जून 2022 में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। अतः इससे पूर्व समस्त आतंरिक प्रयोगात्मक परीक्षाऐं संपन्न कराना सुनिश्चित करें।
- ऐसे महाविद्यालय/संस्थान जिसमें बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर की आतंरिक/प्रयोगात्मक/कौशल विकास पाठ्यक्रम की परीक्षाऐं संपन्न नहीं हो पाई हैं। उनसे निवेदन है कि प्रथम सेमेस्टर सैद्धांतिक परीक्षाओं के साथ–साथ यथासमय उक्त परीक्षाऐं संपन्न कराकर, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को अंक प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम घोषित करने में अनावश्यक विलम्ब न हो।
- बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0कॉम0 द्वितीय सेमेस्टर(NEP-2020) परीक्षा जुलाई 2022 में प्रस्तावित है। अतः उससे पूर्व द्वितीय सेमेस्टर पाठ्यक्रम अतिरिक्त कक्षाऐं चलाकर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध महाविद्यालय।
02. परीक्षा नियत्रंक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव